


सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म 'राधे योर मोस्ट वांटेड भाई' से होने वाली कमाई से कोरोना संक्रमित मरीजों की मदद करने का फैसला लिया है। प्रभुदेवा के निर्देशन में बनीं सलमान ख़ान की फिल्म 'राधे योर मोस्ट वांटेड भाई' 13 मई को प्रदर्शित होने वाली है।

# कमाई से कोरोना संक्रमित मरीजों की मदद करेंगे सलमान

बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म 'राधे योर मोस्ट वांटेड भाई' से होने वाली कमाई से कोरोना संक्रमित मरीजों की मदद करने का फैसला लिया है। प्रभुदेवा के निर्देशन में बनीं सलमान ख़ान की फिल्म 'राधे योर मोस्ट वांटेड भाई' 13 मई को प्रदर्शित होने वाली है। भारत में कोरोना की दूसरी लहर तेजी से बढ़ती जा रही है। इन सभी हालतों को देखते हुए बॉलीवुड के कई सेलेब्स आगे आकर लोगों की मदद कर रहे हैं। सलमान खान भी कोरोना काल में पीड़तिों और फ्रंटलाइन वर्कर्स की मदद करते हुए आ रहे हैं। सलमान खान और जी एंटरटेनमेंट ने फैसला लिया है कि कोविड पीड़तिों की मदद करने के लिए वे ऑक्सीजन सिलेंडर्स, कन्सेंट्रेटर्स और वेंटिलेटर्स का दान करेंगे जिसमें फिल्म राधे से होने वाली कमाई का सबसे बड़ा योगदान होगा। गौरतलब है कि'राधेः योर मोस्ट वांटेड भाई में सलमान खान के साथ दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा और जैकी श्रॉफ भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म को सलमान खान फिल्म्स ने ज़ी स्टूडियो के साथ मिलकर प्रस्तुत किया है।



# बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे नागा चैतन्य!

तेलुगू फिल्मों के सुपरस्टार नागा चैतन्य, आमिर खान की फिल्म'लाल सिंह चड्ढा'से बॉलीवुड में डेब्यू कर सकते है। बॉलीवुड में चर्चा है कि नागा चैतन्य बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि नागा जल्द ही आमिर के साथ इस फिल्म की शूटिंग लद्दाख और करगिल में शुरू कर देगी। यह शूटिंग लगभग 45 दिनों तक चलेगी और आमिर टीम के साथ वहां पहुंच चुके हैं। बताया जा रहा है कि इस किरदार के लिए चैतन्य से पहले विजय सेतुपति को कास्ट किया गया था। हालांकि किन्हीं कारणों से वह इस रोल को नहीं निभा सके। गौतरलब है कि'लाल सिंह चड्ढा'हॉलिवुड की फिल्म'फॉरेस्ट गम्प'का हिंदी अडैप्टेशन है। फिल्म में करीना कपूर की भी अहम भूमिका है। अद्वैत चंदन के निर्देशन में बन रही यह फिल्म इस साल क्रिसमस के अवसर पर रिलीज हो सकती है।

# मलाइका अरोड़ा की 'सुपर डांसर चैप्टर 4' में एंट्री



टीवी के लोकप्रिय डांस रिएलिटी शो 'सुपर डांसर चैप्टर 4' का अपकमिंग एपिसोड एंटरटेनमेंट से भरपूर होगा। इस बार शो में कंटेस्टेंट्स डिस्को डांस करते दिखाई देंगे। किड्स डांस रियलिटी शो का चौथा सीजन बच्चों के साथ एडल्ट्स को भी खूब पसंद आ रहा है। इस सीजन में टैलेंटेड कंटेस्टेंट्स की पावर पैक्ड परफॉर्मेंस खूब सराहनीय है। दिल दिलचस्प बात यह भी है कि अपकमिंग एपिसोड में मलाइका अरोड़ा बतौर जज दिखाई देंगी। हाल ही में मलाइका ने शिल्पा शेट्टी को रिप्लेस किया है। इतना ही शो पर मलाइका टैलेंटेड कंटेस्टेंट्स के साथ फ्लोर पर अपने डांस का जलवा भी दिखाएंगी। आगामी एपिसोड में मलाइका अरोड़ा कंटेस्टेंट फ्लोरिना गोगोई के साथ डांस करती दिखाई देंगी। इस बात में कोई शक नहीं है कि मलाइका अरोड़ा एक बेहतरीन डांस हैं। इस शो में मलाइका फेमस कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस के साथ दिखाई देंगी। 1980 में आशा भोसले द्वारा गाए गए लोकप्रिय सॉन्ग डिस्को स्टेशन पर कंटेस्टेंट्स की शानदार परफॉर्मेंस देखने के बाद मलाइका और टेरेंस दंग रह गए। सुपर डांसर 4 पर कंटेस्टेंट्स की शानदार परफॉर्मेंस देखने के बाद मलाइका स्टेज पर अपने सिजलिंग डांस मूव्स का जालवा दिखाएंगी। उन्हें रेड कलर की आउटफिट में डांस करते हुए देखने के बाद हर किसी ने मलाइका की तारीफ की। ऐसे में मलाइका ने फ्लोरिना के डांस की जमकर तारीफ की और कहा कि क्या मैं तुम्हें अपने घर ले जा सकती हूं। फ्लोरिना मलाइका के इस ऑफर को स्वीकार करती हैं। उन्होंने कहा कि मेरे घर पर एक बेटा है और मैं हमेशा एक बेटी चाहती थी। मलाइका ने आगे कहा कि मेरे पास सुंदर कपड़े और जूते हैं लेकिन उन्हें पहनने के लिए कोई नहीं है। इतना ही नहीं मलाइका फ्लोरिना को गले लगाने और किस करने के भी पूछती हैं।

**आगामी एपिसोड में मलाइका अरोड़ा कंटेस्टेंट फ्लोरिना गोगोई के साथ डांस करती दिखाई देंगी। इस बात में कोई शक नहीं है कि मलाइका अरोड़ा एक बेहतरीन डांस हैं। इस शो में मलाइका फेमस कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस के साथ दिखाई देंगी। 1980 में आशा भोसले द्वारा गाए गए लोकप्रिय सॉन्ग डिस्को स्टेशन पर कंटेस्टेंट्स की शानदार परफॉर्मेंस देखने के बाद मलाइका और टेरेंस दंग रह गए। सुपर डांसर 4 पर कंटेस्टेंट्स की शानदार परफॉर्मेंस देखने के बाद मलाइका स्टेज पर अपने सिजलिंग डांस मूव्स का जालवा दिखाएंगी।**



# रवीना ने किया 100 ऑसीजन सिलेंडर्स का इंतजाम

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंनन ने कोरोना संक्रमित मरीजों की मदद के लिये 100 ऑक्सीजन सिलेंडर्स का इंतजाम किया है। कोरोना वायरस महामारी संकट के समय रवीना टंडन ने जरूरतमंदों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया हैं। रवीना, कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए 100 ऑक्सीजन सिलेंडरों के साथ मदद के लिए आगे आई हैं। रवीना टंडन ने कहा कि अस्पताल बहुत ज्यादा पैसे वसूल रहे हैं, इसलिए हम ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था कर रहे हैं, जो सीधे जरूरतमंदों को भेजे जा सकते हैं, दिल्ली भेजे जाने के लिए 100 ऑक्सीजन सिलेंडर तैयार हैं। हमारी टीम ऑक्सीजन किट से लेकर ऑक्सीजन कॉन्सन्ट्रेटर तक हम सभी संसाधन जुटाने की कोशिश कर रही हैं। संक्रमण रोकने के लिए हम पुलिस और एनजीओ के संपर्क में हैं। हम इस मुश्किल समय में लोगों से मदद करने की अपील करते हैं। रवीना ने लिखा ,मुझे उम्मीद है कि कालाबाजारी करने वालों को पकड़कर जांच के दायरे में लाया जाएगा। आजकल जो भी हो रहा है उस पर यकीन कर पाना मुश्किल है। यह एक विनाश जैसा है। अमीर लोग इंजेक्शन और ट्रीटमेंट के लिए पैसे चुका रहे हैं, लेकिन आम आदमी की दुर्दशा की कल्पना से परे है। यह निराश कर देने वाला और दिल तोड़ देने वाला एक शर्मनाक दृश्य है।

**रवीना टंडन ने कहा कि अस्पताल बहुत ज्यादा पैसे वसूल रहे है, इसलिए हम ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था कर रहे है, जो सीधे जरूरतमंदो को भेजे जा सकते है, दिल्ली भेजे जाने के लिए 100 ऑक्सीजन सिलेंडर तैयार है। हमारी टीम ऑक्सीजन किट से लेकर ऑक्सीजन कॉन्सन्ट्रेटर तक हम सभी संसाधन जुटाने की कोशिश कर रही है। संक्रमण रोकने के लिए हम पुलिस और एनजीओ के संपर्क में है।**



# ईद पर रिलीज होगा अरविंद अकेला कल्लू की 'जान' का ट्रेलर



भोजपुरी अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री निधि झा की जोड़ी वाली फिल्म जान का ट्रेलर ईद के अवसर पर रिलीज होगा। संगीत कम्पनी डीआरजे रिकॉर्ड्स की पहली भोजपुरी फ़िल्म 'जान' का ऑफिसियल ट्रेलर ईद के अवसर पर रिलीज किया जायेगा। राज जायसवाल एवं डीआरजे फिल्म्स के प्रस्तुत 'जान' के निर्माता राज जायसवाल है, जबकि निर्देशन अरविंद चौबे का है। फ़िल्म के लीड पेयर में अरविंद अकेला कल्लू और निधि झा है। निर्देशक अरविंद चौबे फ़िल्म को लेकर बताया कि फिल्म 'जान' की कहानी सभी फिल्म से काफी अलग है, जिसमे एक्शन और डायलॉग को प्राथमिकता दी गयी है। फिल्म में एक से बढ़कर एक कर्णप्रिय गीत फिल्माये गए हैं। फिल्म की कहानी आज के जेनरेशन को काफी पसंद आयेगी। फिल्म निर्माता राज जयसवाल ने कहा कि फ़िल्म जान को बनाने में हमने काफी मेहनत की है। फ़िल्म की कहानी के हिसाब से इस फ़िल्म की शूटिंग हमने उत्तराखंड के हसीन वादियों में की है। फिल्म जान के लेखक अभय यादव हैं जबकि संगीत ओम झा ने दिया है। गीत प्यारे लाल यादव, श्याम देहाती, सुमित चद्रावंशी,अजीत मंडल, संतोष उतपति का है।

# परदेस में दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करेंगे खेसारी लाल यादव



भोजपुरी फिल्म अभिनेता खेसारी लाल यादव अपनी आने वाली फिल्म परदेस में दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते नजर आयेंगे। खेसारी लाल यादव अपनी आने वाली फिल्म'परदेस'में एक नहीं दो-दो खूबसूरत अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते नजर आयेंगे। खेसारी फिल्म में मधु शर्मा और ब्रिटिश अभिनेत्री ग्रेस रोडेज के साथ रोमांस करते नजर आयेंगे।इस फ़िल्म में खेसारीलाल यादव के साथ संजय महानन्द की भी मुख्य भूमिका होगी। यशी फिल्म्स और पिक्टोरियल फिल्म्स लि. के बैनर तले बन रही फ़िल्म'परदेस'के निर्माता अभय सिन्हा, समीर आफताब और प्रशांत जम्मुवाला हैं, जबकि फ़िल्म के लेखक, निर्देशक, संगीतकार रजनीश मिश्रा हैं। फ़िल्म की शूटिंग लंदन के खूबसूरत लोकेशन ऑक्सफ़ोर्ड, कैम्ब्रिज जैसे जगहों पर हुई है। फ़िल्म को लेकर अभय सिन्हा ने बताया कि'परदेस'एक अमेजिंग कहानी पर बनी फिल्म है। यह दर्शकों को खूब पसंद आएगी। यहां तक कि हमने जिन-जिन फिल्मों की शूटिंग की है, सभी की कहानी एकदूसरे से अलग और रोचक है। वहीं, रजनीश मिश्रा ने फ़िल्म को लेकर कहा कि'परदेस'की कहानी दर्शकों को खास इसलिए लगेगी, क्योंकि हमने इसमें एक प्रयोग किया है और इसे भोजपुरिया स्टाइल में बनाने की कोशिश की है। फ़िल्म में खेसारीलाल यादव, मधु शर्मा और ग्रेस रोडेज की अदाकारी मुख्य आकर्षण होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक एवं मालिक धर्मपाल सिंह द्वारा 34,0, उपाध्याय नगर ग्राम मुक्तेश्वर हापुड से प्रकाशित एवं हापुड न्यूज एंड प्रिंटिंग कंपनी, अशोक नगर शामपुर रोड हापुड, उत्तर प्रदेश से मुद्रित UPHIN/2023/51292, संपादक धर्मपाल सिंह, सभी न्याय क्षेत्र का हापुड न्यायालय होगा। संपर्क :- .9411953491, E-mail: tejyugnews@gmail.com, (इसमें छपे लेख, लेखकों के निजी विचार हैं। सम्पादक का इन लेखकों के विचारों से सहमत होना अनिवार्य नहीं है।)